# नए कारोबार की सुगमता में भारत अव्वल पांच में

लंदन| एजेंसी

भारत नया कारोबार सुगमता से शुरू करने के मामले में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शुमार किया गया है। 500 शोधकर्ताओं के एक गठजोड़ ने गुरुवार को एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इससे कम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में भारत भिन्न उद्यमिता रूपरेखा शर्तों को लेकर शीर्ष स्थान पर आ गया है।

दुबई एक्सपो में पेश की गई वैश्विक उद्यमिता निगरानी (जीईएम) 2021/2022 रिपोर्ट ने 47 उच्च, मध्यम और निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं से संबंधित 2,000 प्रतिभागियों की राय के आधार पर ये आंकड़े जुटाए हैं।

भारतीय प्रतिभागियों ने अपनी उद्यमशीलता गतिविधि, उद्यम के प्रति दृष्टिकोण और स्थानीय उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित सवालों के जवाब दिए। करीब 82 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि भारत में कारोबार शुरू करना आसान है। इस मामले में वैश्विक स्तर पर भारत चौथे स्थान पर रहा है। करीब 83 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना ? ?है कि उनके क्षेत्र में कारोबार शुरू करने के अच्छे अवसर हैं।